राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

## राज्यपाल पंचम महारुद्र महायज्ञ और पार्थिव शिवलिंग अभिषेक समारोह में सम्मिलित हुए

## महारुद्र महायज्ञ में आहुति दी और प्रदेश में सुख, शांति और सबके मंगल की कामना की

जयपुर, 15 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को राजस्थान गौ सेवा संघ द्वारा जयपुर के दुर्गापुरा स्थित राजस्थान गौ सेवा संघ में आयोजित पंचम महारुद्र महायज्ञ और पार्थिव शिवलिंग अभिषेक समारोह में भाग लिया।

उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर पार्थिव शिवलिंग अभिषेक भी किया। इस दौरान उन्होंने महारुद्र महायज्ञ में आहुति दी और प्रदेश में सुख, शांति और सबके मंगल की कामना की। बाद में राज्यपाल ने गौशाला में गायों को गुड, लड्डू और चारा भी खिलाया।

----






03